PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Saturday 26th April 2014, Page: 3**
**Width: 8.16 cms, Height: 16.71 cms, a4, Ref: pmin.2014-04-26.58.33**

13

# जुबिलेंट को जनरिक दवाओं के लिए यूएसएफडीए अनुमोदन

प्रेट्र ▶ नई दिल्ली...

जुबिलेंट लाइफ साइंसेज ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी को जीडी सार्ल के अल्डेक्टोन के जनरिक संस्करण की अमेरिकी बाजार में मार्केटिंग के लिए यूएसएफडीए का अनुमोदन हासिल हो गया है। इस दवा का उपयोग फ्लुइड रिटेंशन के इलाज के लिए किया जाता है। कंपनी ने कहा कि उसे अपने स्पाइरोनोलेक्टोन टेबलेट की अमेरिकी बाजार में मार्केटिंग के लिए यूएसएफडीए की तरफ से एब्रीविएटेड न्यू ड्रग एप्लीकेशन (एएनडीए) मिल गया है। कंपनी को यह अनुमोदन स्पाइरोनोलेक्टोन की 25एमजी, 50एमजी व 100एमजी क्षमता के लिए दिया गया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह वित्त वर्ष 2015 की पहली तिमाही में अमेरिकी बाजार में यह दवा लांच कर देने की उम्मीद कर रही है। आईएमएस आंकड़ों के मुताबिक स्पाइरोनोलेक्टोन टेबलेट का बाजार 8.7 करोड़ डॉलर सालाना का है। कंपनी ने यह भी कहा है कि उसे फॉरेस्ट लैब्स के नामेंडा नाम की दवा के जनरिक संस्करण की बिक्री का अनुमोदन भी यूएसएफडीए की तरफ से हासिल हो गया है। इस दवा का उपयोग एल्जाइमर्स के इलाज के लिए किया जाता है। कंपनी ने कहा कि इस अनुमोदन के तहत वह मेमांटाइन नाम से 5एमजी व 10एमजी क्षमता वाली दवा अमेरिकी बाजार में लांच करेगी। कंपनी का कहना है कि वह वर्ष 2015 में पेटेंट अवधि खत्म हो जाने के बाद यह दवा लांच करेगी।




## दो अनुमोदन

स्पाइरोनोलेक्टोन की 25एमजी, 50एमजी व 100एमजी क्षमता के लिए, जो जीडी सार्ल के अल्डेक्टोन का जनरिक संस्करण है

मेमांटाइन की 5एमजी व 10एमजी क्षमता वाली दवा के लिए, जो फॉरेस्ट लैब्स के नामेंडा नाम की दवा का जनरिक संस्करण है

Company